ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

मदन मोहन मंदिर में हुआ सामूहिक एकादशी का उद्यापन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 नवम्बर. अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज द्वारा समाज के इतिहास में पहली बार वर्तमान परिस्थितियों में बढ़ती हुई महंगाई एवं फिजूल खर्ची पर अंकुश पाने के लिए समाज के परिवारों को राहत दिलाने एक अनोखी पहल सामूहिक एकादशी कार्यक्रम के रूप में भगवान श्री मदन मोहन मंदिर, मुरार में की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एक जूटता एवं फिजूल खर्ची पर रोक लगाना था। समाज के 21 जोड़ों ने भाग लिया। आगे से इस तरह के कार्यक्रम में विस्तार से कार्य किया जाएगा। उत्पन्ना एकादशी के अवसर पर सुबह 9 बजे से पूर्ण विधि विधान से पूजन कार्य प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में श्री मदन मोहन मंदिर कमेटी ने अपना स्थान नि:शुल्क उपलब्ध कराया। कार्यक्रम का आयोजन राधा कृष्ण मंदिर न्यास, लश्कर, माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज लश्कर एवं मंदिर महिला मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर अखण्ड रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। आज सुबह हवन पूजन एवं सामूहिक भंडारे के साथ कार्यक्रम हुआ।

सर्व आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की साधारण सभा में अशोकानंद मिश्रा बने अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 नवम्बर. शहर के हृदयस्थल स्थित टॉवर में सर्व आदि गौड़ ब्राह्मण समाज ग्वालियर की साधारण सभा की बैठक का आयोजन समाज के अध्यक्ष पंडित महेश मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समाज की उन्नति से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। तत्पश्चात नवीन कार्यकारिणी के चुनाव हेतु सर्व सम्मति से पंडित अनुराग शर्मा एडवोकेट को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया।

महिला अध्यक्ष प्रिया शर्मा मनोनीत

बैठक में सर्वसम्मति से करतल ध्वनि के साथ पंडित अशोकानंद मिश्रा को समाज के नवीन अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया एवं महिला अध्यक्ष के रूप में श्रीमती प्रिया शर्मा को मनोनीत किया गया। पंडित पंकज शर्मा को युवा सभा के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया।

उक्त तीनों नवीन अध्यक्षों को सदन द्वारा अपनी अपनी कार्यकारिणी गठन के लिये अधिकृत भी किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष पंडित महेश मिश्रा द्वारा तीनों नवीन अध्यक्षों को पुष्पहार भेंट कर शुभकामनायें दी गई। तीनों अध्यक्षों द्वारा समाज के हित व उन्नति तथा एकजुटता के लिए हरसंभव कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया! बैठक में लिये गये निर्णयानुसार आगामी दिनों में शीघ्र ही समाज का परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन पंडित गिरराज शरण शर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, श्रीमती सुमन शर्मा, पं. अशोक शर्मा सहित बडी संख्या में समाज के बंधु व माता बहनें उपस्थित थीं।

शहर की खस्ताहाल सड़कों के विरोध में कांग्रेस की पदयात्रा आज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 नवम्बर. ग्वालियर महानगर की जर्जर एवं खराब सड़कों की स्थिति दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है, जिससे आम नागरिकों, महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे, छात्रों, व्यापारियों एवं आने-जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों की शीघ्र मरम्मत एवं विकास की मांग को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आज दिनांक 17.11.2025, सोमवार, शाम 4 बजे 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डी.डी. नगर गेट से दंडोतिया मार्केट तक शांतिपूर्ण पदयात्रा' निकाली जाएगी।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने पदयात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि ग्वालियर शहर की सड़कें खस्ताहाल हैं, जगह-जगह बड़े गड्ढे बने हुए हैं, वर्षा के बाद भी सुधार के कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आए। जनता रोज दुर्घटनाओं और असुविधाओं का सामना कर रही है, लेकिन स्मार्ट सिटी और भाजपा सरकार मौन है। कांग्रेस पार्टी जनता के दर्द को समझती है और इसी कारण सड़क सुधार की इस लड़ाई को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है।ांतिपूर्ण पदयात्रा में

मतदाता पुनरीक्षण कार्य का कलेक्टर ने मतदान केन्द्र पर जाकर किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 नवम्बर. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य जिले में किया जा रहा है। इसके तहत मतदाताओं के घरों तक गणना पत्र पहुँचाने और उसको भरकर वापस लेने का कार्य जिले में तेजी के साथ किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को सिटी सेंटर में स्थित जीवाजी विश्वविद्यालय की कॉलोनी में पहुँचकर गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने मतदाता एवं पुनरीक्षण कार्य में लगे बीएलओ से भी प्रक्रिया के बारे में समझा। इस मौके पर एसडीएम श्री अतुल सिंह, संबंधित क्षेत्र के बीएलओ एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ से चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को तेजी के साथ पूर्ण करें। मतदाताओं को प्रपत्र भरने में अगर किसी प्रकार की परेशानी आ रही है तो उसका निराकरण भी करें। शहरी क्षेत्र में बीएलओ के सहयोग के लिये नगर निगम का एक कर्मचारी भी लगाया गया है। सहयोगी कर्मचारी का भी पूरा सहयोग लेकर तेजी के साथ कार्य पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नगर निगम के अपर आयुक्तों को भी निर्देशित किया है कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य की नियमित मॉनीटरिंग करें और जिन लोगों को उक्त कार्य में लगाया गया है उन्हें तेजी के साथ कार्य करने के लिये प्रोत्साहित करें।

पंचकल्याणक महोत्सव के अंतिम दिन मिला मोक्ष

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 नवम्बर. फूलबाग मैदान अयोध्या नगरी में आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में शहर में हुए 11 से 16 नवंबर तक चौबीस तीर्थंकर पंचकल्याणक महोत्सव का आज

हुई जैनेश्वरी दीक्षा, संतो हुई पिच्छिका परिवर्तन और निकाली गजरथ फेरी उमंड़ा जनसैलाब

रविवार को गजराज फेरी के साथ समापन हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन 24 तीर्थंकरों का प्रभात की पहली किरण निकलते ही मोक्ष की ओर गमन हुआ। वही जैन संतो की पिच्छी परिवर्तन किया गया। वही जैनेश्वरी के हजारों जैन समाज के लोग साक्षी बने, गूंजे जयकारे। वही पंडाल की सात परिक्रमा गजराज हाथी पर श्रीजी को विराजित कर लगाई। पंचकल्याणक कार्यक्रम में पाषाण से भगवान बनने की प्रक्रिया हुई, जो गर्भ कल्याणक से शुरू होकर और मोक्ष कल्याणक के रूप तक हुई।

पंचकल्याण महोत्सव में जैनेश्वरी हुई। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में नव दीक्षार्थी ब्रह्मचारी नरेंद्र कुमार कलकत्ता ओर ब्रह्मचारी रमेश चंद जैन अकोदिया जिला शाजापुर दूल्हे बनाकर मंच पर पहुंचे। यहां सबसे पहले उन्होंने अपने परिजन ओर गुरुदेव से से दीक्षा लेने के लिए अनुमति मांगी, जिस पर उन्होंने हाथ उठाकर अपनी स्वीकृति की। इसके बाद परिजन भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू छलक आए। इसके बाद धर्म के माता-पिता ने चावल से स्वस्तिक बनाकर उस पर सफेद चादर जिस पर दीक्षार्थी बैठे। वही आचार्यश्री ने कमंडल से जल दीक्षार्थियों के ऊपर जलकर उन्हें शुद्ध कर केश लोचन किया। इसके बाद दीक्षार्थियों ने अपने शरीर पर धारण किए वस्त्र और आभूषण एक-एक कर उतार दिए और जनता में बांट दिए।

पंचकल्याणक में सेवा देने वाली संस्थाओं, कमेटी ओर अन्य कार्यकर्ताओं का किया सम्मान- पंच कल्याण समिति के अध्यक्ष मनोज जैन, महामंत्री बालचंद्र जैन, मुख्य संयोजक विनय कासलीवाल, पदमचंद जैन, वीरेंद्र बाबा, पवन जैन पत्रकार, प्रमोद जैन आदि ने महोत्सव में सेवा देने वाली अलग अलग संस्थाओं, पत्रों, कमेटी, ओर बाहर से आने वाले अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ने दीक्षा संस्कार के दौरान दीक्षार्थियों का नामकरण किया। दीक्षार्थी नरेंद्र जी को क्षुल्लक श्री ओम सागर महाराज ओर रमेश जी को क्षुल्लक अविरल सागर महाराज के नाम से अब जाना जाएगा।

आम सूचना

नाम- जुबेदा खानम (Zubada Khanum)
पती का नाम- सईद अहमद खान
आयु- 75 वर्ष, व्यवसाय- गृहणी
निवासी ई एच-11, दीनदयाल नगर ग्वालियर म.प्र. 474020
मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूं कि
(1) यह कि मेरा आधार कार्ड नं. 2915 7780 8462 पर मेरा नाम व उपनाम **जुबेदा खातून** (**Zubeda Khatoon**) लिखा हुआ है जो कि गलत है
(2) यह कि मेरा सही नाम व उपनाम **जुबेदा खानम** (**Zubada Khanum**) है और मेरा यही नाम मेरे ECHS कार्ड नं. JB 0000 0375 0740 पर तथा मेरे इंडियन ओवरसीज बैंक मयूर मार्केट थाटीपुर के बैंक खाता नंबर 265501000006567 पर भी लिखा हुआ है।
(3) यह कि प्रकाशन के उपरांत भविष्य में मेरा नाम व उपनाम **जुबेदा खानम (Zubada Khanum)** के नाम व उपनाम से समस्त शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों में लिखा पढ़ा, जाना-पहचाना एवं दर्ज किया जावे।
प्रेषक
नाम- जुबेदा खानम (Zubada Khanum)
पती का नाम- सईद अहमद खान
निवासी ई एच-11, दीनदयाल नगर ग्वालियर म.प्र. 474020

सरनाम परिवर्तन सूचना

मैं **Sandhya Singh** W/o **Jagdish Singh Sikarwar** शपथ करती हूं कि मेरे पूर्व के पासपोर्ट क्र. N1877150 में मेरा नाम **Sandhya Singh Sikarwar** दर्ज है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों- आधार कार्ड, पैनकार्ड आदि में मेरा नाम **Sandhya Singh** दर्ज है जो कि सही है। अतः वर्तमान में मुझे **Sandhya Singh** के नाम से ही जाना-पहचाना है। अतः मेरे नवीन पासपोर्ट में मेरा सही नाम **Sandhya Singh** दर्ज कर मान्य किया जावे। अतः सूचित हों।
सूचनाकर्ता- Sandhya Singh W/o Jagdish Singh Sikarwar Add.- H.No. E-69-70, Jhansi Road, Harishankar Puram, GWALIOR (M.P.) 474001 मो. 8989701080

आम सूचना

मैं, **मयंक सिंह तोमर** (**Mayank Singh Tomar**), पिता **नरोत्तम सिंह तोमर** (**Narottam Singh Tomar**), निवासी A-47, बैंक कॉलोनी, गोले का मंदिर, गिर्द, ग्वालियर (म.प्र.) - 474005, यह घोषित करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलत रूप से **मयंक तोमर** (**Mayank Tomar**) पुत्र **नरोत्तम सिंह तोमर** (**Narottam Singh Tomar**) दर्ज किया गया है।

जबकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार मेरा सही एवं वास्तविक नाम **मयंक सिंह तोमर** (**Mayank Singh Tomar**) पुत्र **नरोत्तम सिंह तोमर** (**Narottam Singh Tomar**) है।

अतः अनुरोध है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम **मयंक सिंह तोमर** (**Mayank Singh Tomar**) पुत्र **नरोत्तम सिंह तोमर** (**Narottam Singh Tomar**) दर्ज किया जाए, जो कि **मयंक तोमर** (**Mayank Tomar**) पुत्र **नरोत्तम सिंह तोमर** (**Narottam Singh Tomar**) के स्थान पर होना चाहिए।

साथ ही, मैं यह भी घोषित करता हूँ कि भविष्य में सभी दस्तावेजों और अभिलेखों में मैं अपना नाम **मयंक सिंह तोमर** (**Mayank Singh Tomar**) ही उपयोग करूँगा।
प्रेषक
मयंक सिंह तोमर (**Mayank Singh Tomar**), **पिता नरोत्तम सिंह तोमर** (**Narottam Singh Tomar**), **निवासी A-47, बैंक कॉलोनी, गोले का मंदिर, गिर्द, ग्वालियर (म.प्र.) - 474005,**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग मुरैना म.प्र.
प्र.क्र. 0018/2025-26/अपील
मुरैना, दिनांक 11.11.2025
1. रामगोपाल उर्फ रामजीलाल पुत्र जनवेद जाति बघेल निवासी ग्राम अतरसूमा तहसील व जिला मुरैना म.प्र. - अपी.
बनाम
1. रामश्री बेवा रामेश्वर 2. रामराज पुत्र रामेश्वर 3. भूरी 4. रामकली 5. शीला 6. रामरती 7. सालिकी उर्फ सलको 8. छोटी बाई 9. गौरी पुत्रियां मवासिया 10. संतो पुत्री छिद्दा जाति बघेल निवासी ग्राम अतरसूमा 11. काशीराम पुत्र जनवेद 12. सरदार 13. डरूआ पुत्रगण जनवेद 14. बुद्धो 15. कोका 16. गंगावती पुत्रियां जनवेद 17. रामचन्द्र पुत्र धांधू जाति बघेल निवासी ग्राम अतरसूमा तहसील व जिला मुरैना - रेस्पो.
// सूचना पत्र //
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलान्ट रामगोपाल उर्फ रामजीलाल पुत्र जनवेद जाति बघेल निवासी ग्राम अतरसूमा तहसील व जिला मुरैना म.प्र. के अभिभावक श्री मुनेन्द्र दिनकर द्वारा म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के अन्तर्गत आवेदन पत्र ग्राम अतरसूमा तहसील मुरैना नगर जिला मुरैना के प्रकरण क्रमांक 0014/2009-10/अ-27 में पारित आदेश दिनांक 07.12.2010 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई। अतः वादित भूमि से संबंध रखने वाले रेस्पो. को सूचित किया जाता है कि आप उपरोक्त प्रकरण में दिनांक 27.11.2025 को सुनवाई हेतु नियत की गई है नियत दिनांक पर न्यायालय में आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पक्ष समर्थन कर सकते है। आपकी अनुपस्थित में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 11.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी
अनुविभाग मुरैना (म.प्र)

इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठग लिए 3 लाख 25 हजार

ग्वालियर 16 नवम्बर. टेलीग्राम ग्रुप पर मैसेज भेजकर रुपए कमाने का लालच देकर प्राइवेट जॉब करने वाले एक युवक से ठगों ने 3 लाख 25 हजार रुपए ठग लिए। युवक को जब न बोनस मिला और न भेजे गए रुपए वापस मिले तब समझ में आया कि ठगी हो गई है। क्राइम ब्रांच ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। हेम सिंह पुत्र ब्रह्म सिंह निवासी हाथी खाना रोड सुरैयापुरा प्राइवेट कंपनी में काम करता हैं। 12 जुलाई को हेम सिंह के पास टेलीग्राम ग्रुप से मैसेज आया। इसमें बताया गया कि अगर आप 30 फीडबैक रोज देंगे तो आपको बोनस मिलेगा। बोनस देने का झांसा देकर ठगों ने पहले 900 रुपए का रजिस्ट्रेशन किया और कुछ देर बाद थोड़े रुपए बोनस के रूप में भेज दिए। बोनस मिलते ही हेम सिंह कंपनी वालों की बातों में आ गया.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 16, वार्ड क्रं 37,स्थान जाग्रति नगर ग्वा0 मे स्थित है जो कि रामचरण/हुकमा कुशवाह,मनीराम/देवीराम कुशवाह के नाम से नगर निगम मे आई डी क्रं 9000092481 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 448 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र जीवाजीगंज क्षे.क्र 16, पर दिनांक 14.11.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 81/2010/38248/60458 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
विज्ञप्ति जारी दिनांक. 16.11.2025
आवेदक-श्रीमती कमलेश देवी/ प्रेमनारायण बाथम,पता-जाग्रति नगर ग्वालियर

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म वितरण व मैपिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 16 नवम्बर. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य (एसआईआर) के तहत बीएलओ के माध्यम से जिले के सभी मतदाताओं तक गणना फॉर्म पहुँचाने, मैपिंग एवं फॉर्मों का डिजिटाइजेशन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। जिले में आयोग के द्वारा निर्धारित समायावधि में उक्त कार्य पूरा किया जाना है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मतदाता पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त नगर निगम श्री प्रतीक राव, एडीएम श्री सी बी प्रसाद, एसडीएम श्री अतुल सिंह, श्री प्रदीप शर्मा, श्री नरेन्द्र बाबू यादव, श्री सूर्यकांत त्रिपाठी, अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर, श्री मुन्नेश सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिल बनवारिया एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि ग्वालियर जिले में अब तक 16 लाख 27 हजार से अधिक मतदाताओं तक गणना पत्र पहुँच गए हैं। सभी बीएलओ मतदाताओं से अधिक मतदाताओं के यहां गणना फॉर्म पहुँच गए हैं। मतदाताओं से बीएलओ के माध्यम से फॉर्म एकत्र कर मैपिंग एवं डिजिटाइजेशन का कार्य भी तेजी के साथ पूरा किया जाए। शहरी क्षेत्र में नगर निगम आयुक्त एवं अपर आयुक्तगण भी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर मॉनीटरिंग कर तेजी के साथ कार्य पूर्ण कराएं। ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम के नेतृत्व में तेजी के साथ कार्य हो। किए जा रहे कार्य की प्रतिदिन मॉनीटरिंग भी की जाए।

कार्यालयः क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर, म.प्र.
(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, म.प्र. शासन)
दूरभाषः 0751-2920291, ई-मेलः etcgwalior@yahoo.com, etcgwalior@gmail.com

निविदा आमंत्रण

संस्थान के द्वारा जनपद पंचायतएवं क्लस्टर स्तर पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों / पंचायत पदाधिकारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण, कार्यशाला एवं सेमीनार आयोजित किये जाने है। प्रशिक्षणार्थियों / प्रतिभागियों की संख्या के अनुसार प्रशिक्षण स्थल पर आवश्यकता अनुसार बैठक व्यवस्था हेतु टेन्ट, कुर्सी, साउंड, एल.सी.डी. प्रोजेक्टर, व्हाइट बोर्ड, एवं प्रतिभागियों की संख्या अनुसार, चाय-नाश्ता, पानी, दोपहर का भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म एवं शर्ते कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिवस छोड़कर) 500/- रूपये (पांच सौ रूपये मात्र) नगद जमा कर दिनांक 21 नवंबर 2025 तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 25 नवंबर 2025 दोपहर 12.00 बजे तक होगी। प्राप्त निविदाएं 25 नवंबर 2025 को दोपहर 3.00 बजे निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृति / निरस्ती के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगें।

उपायुक्त (वि) प्राचार्य
क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर म.प्र.

युवक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या

ग्वालियर 16 नवम्बर. संजय नगर काली माता स्कूल के पहाड़ी इलाके में कल्याण बाबा की टेकरी पर एक युवक रस्सी के फंदे पर झूलता हुआ दिखा। आसपास के क्षेत्रवासी इसकी सूचना मिलते ही डेड बॉडी को देखने पहुंचे। मृतक युवक की पहचान यहीं रहने वाले लखन के रूप में हुई है।

एक नजर में

बजरंग भक्त मंडल ने आज की 701 किलो हरे चारे की सेवा

ग्वालियर 16 नवम्बर. बजरंग भक्त मण्डल द्वारा निरंतर 6 वर्षों से प्रति सप्ताह की जाने वाली गौभोग सेवा के क्रम में आज रविवार को जनकताल स्थित गौशाला में अपने सदस्यों एवं दानदाताओं के सहयोग से 701 किलो हरे चारे की सेवा की गई। मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडल की सामाजिक गतिविधियों के लिए आरोग्य भारती एवं चित्रांश फुहार महिला मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया एवं आज की गौसेवा शालिनी त्रिपाठी,अंकित तिवारी,घनश्याम साहू,प्रसाद मुले,संजय श्रीवास्तव,राकेश बंसल,राजीव जादौन,दीपक शर्मा,संतोष शिवहरे एवं डीडवाना ओली वालों के सहयोग से की गई! आज की सेवा में अध्यक्ष आशीष मंगल,सचिव राकेश मंगल, पुनेश पाल,राम किशोर मंगल,संजीव गुप्ता,राजीव जादौन,दीपक शर्मा,भावना मोहिले, आदि सदस्य उपस्थित थे

श्री सनातन धर्म मंदिर में मनी उत्पन्ना एकादशी

ग्वालियर 16 नवम्बर. श्री सनातन धर्म मंदिर में उत्पन्ना एकादशी श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। मुख्य पुजारी पंडित रमाकांत शास्त्री ने भक्तों को एकादशी व्रत की कथा सुनाई। इस अवसर पर भगवान चक्रधर एवं श्री गिरिराज धरण का विशेष मनमोहक श्रंगार किया गया। भगवान चक्रधर को गहरे लाल रंग की पगड़ी, मोरपंख , कानों में मकराकृत कुण्डल, कण्ठा , सतरंगीमोतियों का हार,कंगन, पुष्प मालाए, वंशी धारण कराई। भगवान चक्रवती की राधा रसोई में निर्मित फलाहारी व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। भक्तों ने दान पुण्य कर, पुण्य लाभ प्राप्त किया। नियमित भक्तों ने ठाकुर जी को भावपूर्ण भजन सुनाए। शयन के समय ठाकुर जी को केसरिया दूध एवं पान का भोग लगाया गया। आरती उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। उल्लेखनीय है उत्पन्ना एकादशी के दिन ही सभी एकादशी उत्पन्न हुई थी इसलिए इस एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंघल, प्रदीप सिंघल, राजेश गर्ग, बृजेश पाठक, राधेश्याम मंगल, मुकुल, आदि उपस्थित थे.

श्रीराम विवाहोत्सव : गंगाजल पिलाया, रामधुन हुई

ग्वालियर 16 नवम्बर. सकल ब्राह्मण महासमिति एवं सभी समाजों द्वारा भगवान श्रीराम-जानकी,भरत-मांडवी, लक्ष्मण -उर्मिला, शत्रुघ्न -श्रुतकीर्ती के विवाह पंचमी को होने वाले श्रीराम विवाहोत्सव को सफल बनाने सभी समाज जुट गए है। विवाह समारोह का शुभारंभ दोपहर श्री राम मंदिर (अवधपुरी) फालका बाजार पर सब में राम- सब के राम की श्री रामधुन से हुआ। रामलीला समारोह समिति के संयोजक पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सकल ब्राह्मण महासमिति के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज ने की। कार्यक्रम में चल समारोह समिति के संयोजक रामनारायण मिश्रा, सकल ब्राह्मण महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा, राम मंदिर फालका बाजार के सचिव गोविंद बंसल, श्री अचलेश्वर महादेव न्यास के पूर्व अध्यक्ष हरिदास अग्रवाल, आदि गौड़ ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज गुरुजी, पंजाबी समाज से कुलवीर भारद्वाज, बजरंग भक्त मंडल के ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री, सैन समाज से रामबाबू सैन, गुर्जर समाज से बंटी गुर्जर, जाटव समाज से हेमराज जाटव, रोहित जाटव, बाल्मिक समाज से विनोद चंदेल, कायस्थ समाज से श्याम श्रीवास्तव, सिंधी समाज से श्रीचंद पंजाबी, कोली समाज से आनंद, सनाढ्य सभा से प्रकाश नारायण शर्मा, मनोज त्रिपाठी, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज से योगेंद्र दीक्षित, भार्गव समाज के पूर्व अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा, पूर्व महामंत्री महंत सतीश शर्मा केदारपुर, ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज के महामंत्री डॉ मुन्नालाल शर्मा, श्रीमती बीना भारद्वाज पार्षद ज्योति ठाकुर बीनू ठाकुर, सुधा दीक्षित, अंजू दीक्षित ने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक समरसता के लिए संकल्प लिया। सभी समाजों के सदस्य एक साथ सब में राम - सब के राम संगीतमय श्रीराम धुन बजरंग युवा मंडल के ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री, प्रवेश पाल, सुरेंद्र सिंह रावत जय जय हरी राघव सोनी ने संगीतमय श्रीराम धुन का गायन हुआ । संचालन योगेंद्र दीक्षित, अंजू दीक्षित, देवेंद्र कुमार पाठक ने किया। सभी समाजों के साथ ब्राह्मणों ने भी भोजन प्रसादी ग्रहण की। श्रीराम मंदिर,फालका बाजार (अवधपुरी) की संयोजिका संगीता शर्मा ,रेनू शर्मा ,शशि व्यास, संध्या शर्मा, अल्का मिश्रा, शशि गोस्वामी ने सभी का स्वागत किया।

बजरंग दल रन फॉर हेल्थ एवं नशा मुक्ति अभियान में युवाओं ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प

ग्वालियर 16 नवम्बर. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा 'रन फॉर हेल्थ एवं नशा मुक्ति अभियान' के तहत 2 किलोमीटर की दौड़ का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस विभाग के राजेंद्र गुर्जर द्वारा हरि झंडी दिखाकर किया गया।दौड़ पंचमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर समाधिया कॉलोनी गेट,वीर हनुमान मंदिर तारागंज होते हुए पुन:पंचमुखी मंदिर पर संपन्न हुई।लगभग 120 धावकों ने इस दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लिया।सभी प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।बजरंग दल के प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि नशा युवाओं के स्वास्थ्य को नष्ट करने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र की प्रगति में बाधक है।भारत सरकार नशा उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयासरत है और ऐसे कार्यक्रम इस अभियान को और गति प्रदान करते हैं। बजरंग दल द्वारा रन फॉर हेल्थ, कबड्डी प्रतियोगिता, योगा एवं दंड प्रहार जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को नशा छोड़कर स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है,युवाओं को सकारात्मक समाज निर्माण के लिए साप्ताहिक मिलन केंद्र, संस्कार केंद्र और उपासना जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय होना चाहिए।दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवा चौरसिया,द्वितीय स्थान भोला जोशी तृतीय स्थान पीयूष रजक,कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी,प्रात गो रक्षा टोली सदस्य मनोज गोड़िया,दीपक माझी,नीरज उचिया,मनोज विश्वकर्मा,देव गोड़िया,बबलू महोर,सोनू गोड़िया,लखन रजक,रोहित हरवंसी,दीपू कुशवाह, लक्ष्य मराठा,बंटू रजक,सुमित जोशी,जितेंद्र पाल,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं युवा हिंदू उपस्थित रहे।कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।